**16.05 hrs**

**Title:** Regrading incidents of killings in Jammu and Kashmir on the intervening night of 1 and 2 August, 2000.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): Mr. Speaker, Sir, a series of ghastly incidents perpetrated by militants taking a toll of as many as 80 lives have been reported from Jammu and Kashmir on the night of 1st – 2nd August, 2000.

In the first incident, at about 6.45 p.m. last evening, on 1st August, a group of terrorists fired indiscriminately at Pahalgam where Amarnath *Yatris* were camping. The incident took place across Lidder Nallah on the road leading to Aroo when terrorists fired at two Langars and CRPF personnel. The firing was retaliated by the CRPF. Twenty seven persons including two police personnel have been killed and 50 injured. Two militants responsible for the firing were also killed on the spot. From them the following recoveries have been effected : AK Rifles − 2; AK Magazines − 19; Rifle grenades − 8; Hand grenades − 2; Grenade launcher − 1; Rounds − 55; Transistor − 1.

In the second and third incidents, militants had attacked two brick kiln labour camps, one at Mir Bazar, Quazigund in Anantnag district, the other at Mir Nowgam (Achhabal). Nineteen labourers were killed at Mir Bazar and seven labourers at Mir Nowgam. During the same night in Pogal Paristan in Ramban area (Doda district) another group of militants killed 14 persons. In the same district in village Keyar eight members of a village defence committee were killed by terrorists. The sixth incident took place at Kalaroos (Kupwara district) where five members of a Muslims family were massacred.

The State Government has initiated precautionary and relief measures. Special Secretary in the Department of J&K Affairs, along with D.G., CRPF have been deputed to J&K to review the situation and the security arrangements along with the security forces in the field.

Consequent on the cease-fire declaration made by the Hizbul Muzahideen and the Government's positive response to this offer, there have been reports that some of the other Militant outfits with a large component of foreign mercenaries who were unhappy about the offer of Hizbul Muzahideen may create problems and escalate violence. The security forces had been alerted of this and have been asked to be more vigilant. It is because of this vigilance that the security forces had foiled an attempt of the militants to attack the Amarnath Pilgrims in a Jammu camp on the morning of 1st August. In this clash one militant was killed and another injured.

No words would be too strong to condemn these outrageous incidents of violence which are no doubt part of the continuing proxy war being waged against us by a hostile neighbour. But Government feels that this latest outburst of violence is also a determined bid by those upset at the prospects of peace to abort the initiative taken by the Hizbul Muzahideen last week.

Government is determined to continue the Amarnath *Yatra* with renewed security measures and to provide all necessary protection to the common people. Besides, Government will persevere in its efforts to bring normalcy to the State Of Jammu and Kashmir by engaging in a dialogue with peace-loving peopleâ€¦(*Interruptions*)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): Sir, it is more than a proxy war. ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shrimati Sonia Gandhi.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I will call you also.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Dr. Raghuvansh Prasad Singh, this is a serious matter.

...(*Interruptions*)

SHRIMATI SONIA GANDHI (AMETHI): Mr. Speaker Sir, on behalf of the Congress Party and on my own behalf, I extend my deep-felt condolences to the members of the families who have lost their dear ones in this outrageous act.

Now, following the Government's decision to initiate talks and announce a cease-fire with various militant outfits in Jammu and Kashmir, it was but expected that some of these groups would indulge in carrying out such acts. The Government, as we have just been told by the Home Minister, was indeed aware that such acts were likely to take place. Why is it then that the Government failed to ensure the maximum security, particularly on the Amarnath route

which is an obvious soft target area because thousands and thousands of pilgrims travel on that route everyday? What is the Government going to do? We would like the Government to spell out in detail what it intends to do to safeguard the lives of the *yatris* and of all other people in Jammu and Kashmir.

Now, the Congress Party and, I am sure, many of our colleagues here are extremely concerned. We are extremely worried because on the last instance, during the Lahore *Yatra* instance, there was a great deal of enthusiasm and that enthusiastic moment was actually followed by Kargil. While the Congress Party certainly welcomes the action taken by the Government to initiate a process

of restoring peace to Jammu and Kashmir, at the same time, we urge the Government not to lower their guard as they had done at the time of the Lahore *Yatra*. We urge the Government to remain fully alert and ensure the security and the safety of the people of Jammu and Kashmir.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Mr. Speaker Sir, we all condemn, and no doubt all sections of the House condemn unreservedly these most barbarous attacks that have taken place and so many lives have been lost in those incidents. I join the Leader of the Opposition in conveying our sincere condolences to the members of the bereaved families. But Sir, several questions have arisen. Eighty lives have been lost. I believe, everybody had anticipated that once this peace process had started - everybody supports that - such incidents would happen which would try to stall the peace process. It is reported that there were some intelligence reports of such likely incidents to happen. I would like to know from the hon. Home Minister whether there were such reports and if there was any, then what special steps were taken?

Sir, it is amazing that when 25 pilgrims lost their lives and 50 were injured, two policemen were killed. How long did this firing take place? What were the security forces doing that only two militants could be killed? How many militants were there?

We do not understand as to what sort of forces were there and what retaliatory steps were taken. It seems, totally inadequate security arrangements have been made, and the pilgrims were the softest targets there. Therefore, it requires an explanation that how could such incidents take place, and why there was no adequate retaliatory action.

Now to say that forces have been provided to protect the pilgrims for their future journey, Sir, is hardly satisfactory. At the same time, it seems that in so many places such incidents have taken place. Therefore, I would like to know very specifically from the Home Minister as to whether there was anticipation or apprehension of such attacks, what steps were taken, and whether there were intelligence reports on that. At the place where these incidents took place, at Pahalgam, what was the security force, how could they not prevent any such incidents and how could there be a very minimum casualty on the other side? There seems to be a total failure, and too much of complacency appears to have been there. I do not know as to what the State Police force was doing. What is a very serious matter is that out of this, communal considerations are being brought about. This is a very serious matter which we wish to condemn. This should not be treated as a communal matter which will vitiate the entire process. But there appears to have been clear failure of security in this matter.

Therefore, I would request the hon. Home Minister to take the House into confidence and tell us as to what has actually happened.

**श्री मदन लाल खुराना (दिल्ली सदर) :** अध्यक्ष जी, माननीय गृह मंत्री जी ने जो कहा है, अभी मैंने 3.30 बजे स्टार प्लस पर न्यूज देखी है। उसमें मरने वालों की संख्या 90 से ज्यादा बताई गई है। लगभग इतने ही लोग जख्मी हुए हैं। इस दिल दहलाने वाली घटना ने सारे देश को हिलाकर रख दिया है। 24 घंटे में छः विभिन्न स्थानों पर 93 से ज्यादा बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतारा गया है। मेरी याददाश्त में ऐसा कभी नहीं हुआ कि 24 घंटे में इतनी बड़ी घटना हुई हो। आतंकवादियों के एक गुट द्वारा सीज़ फायर की घोाणा होने के बाद, हमने सुरक्षा बलों को शांत रहने के लिए कहा। मुझे लगता है कि इसका फायदा उठाकर आतंकवादियों ने, जो नहीं चाहते थे कि शांति वार्ता हो, ऐसा किया। मेरा निवेदन है कि हमने अपने सुरक्षा बलों को शांत रहने के लिए कह दिया, जैसे अभी रैड ऐलर्ट किया, वह नहीं कहना चाहिए था। साईमल्टेनियसली छः जगहों पर नरसंहार होता है। जैसा कहा गया कि केवल एक आतंकवादी मुठभेड़ में मारा जाता है, इसका मतलब यह है कि सुरक्षा बलों ने एक-आध जगह छोड़कर कहीं मुकाबला नहीं किया और आतंकवादी आसानी से हत्या करके चले गए।

मैं तीन-चार चीजें आपकी सेवा में निवेदन करना चाहता हूं। मृतकों के प्रति शोक और पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए लोक सभा में एक प्रस्ताव पारित किया जाए। दूसरा मेरा कहना है, जो मैं सुबह से कह रहा हूं और मुझे लगभग सौ से ज्यादा फोन दिल्ली के लोगों के आ चुके हैं कि आप मालूम करके बताइए कि हमारे लोगों का क्या हुआ। सुबह गृह मंत्री जी ने कहा था कि पहचान हो रही है, जैसे कोई ऐक्सीडैंट होता है तो उसकी लिस्ट अखबारों में आ जाती है, शाम तक जितनी लिस्ट ऐवेलेबल है, उसे प्रकाशित कर दिया जाए। उसके साथ ऐसा प्रबंध कर दिया जाए जिससे लोग डैड बॉडीज को लेने के लिए वहां जा सकें या डैड बॉडीज को लोगों के घरों तक पहुंचाया जाए।

यह बहुत बड़ा काम होगा, उनको राहत होगी वर्ना डैड बॉडीज लावारिस की तरह रह जाएंगी और परिवार वालों को हम कुछ सांत्वना नहीं दे पाएंगे। मेरा निवेदन है कि अमरनाथ के यात्रियों की पूरी सुरक्षा की जाये ताकि इस घटना की पुनरावृत्ति न हो। मृतकों के परिवारों को मुआवजे के रूप में उचित धनराशि दी जाये तथा जख्मियों को भी उचित धनराशि दी जाये।â€¦( व्यवधान)

MR.SPEAKER: They have given notices for this in the morning.

**डा.रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** अध्यक्ष जी, जम्मू और कश्मीर के पहलगांम में अमरनाथ तीर्थ यात्रियों पर आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया और खुराना जी की सूचना से 90 से ज्यादा लोगों की जाने गईं। यह बड़ी दुखद घटना है और हम सब इसकी निंदा करते हैं और आज हमने इस पर एडजर्नमेंट मोशन भी दिया था। अमरनाथ यात्रा हर साल होती है और सरकार चौकसी बरतती है। सरकार दावा करती है कि सुरक्षा का पूरा प्रबंध किया गया है लेकिन जो घटना हुई है, इससे लगता है कि सरकार एकदम विफल हुई है। सरकार की व्यवस्था ढीली ही नहीं चौपट थी। इस वजह से जहां लोग खा रहे थे, वहां टाइट सुरक्षा का प्रबंध होना चाहिए। उसमें बाहर से जाकर मार देना और वहां बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स है और यदि काउंटर होता तो दोनों तरफ से दस-बीस मारे जाते लेकिन लगता है कि आतंकवादी लोगों के एक ग्रुप से बातचीत भी सरकार कर रही है और दूसरा ग्रुप नहीं माना और वह यह सब विफल करने के लिए कर रहा है। यह सरकार का काम है कि किन आतंकवादियों से बात कर रही है तो वही दूसरे आतंकवादी उपद्रव कर रहे हैं। इसीलिए सुरक्षा बलों को ढिलाई नहीं बरतनी चाहिए। हमें ऐसा लगता है कि सरकार धोखे में पड़ी है और आतंकवादियों के विभिन्न ग्रुप हैं। क्या उनका एक संगठन है? कोई एक संगठन किसी बात में फंसा देता है और दूसरा संगठन निर्दो़ा तीर्थ यात्रियों पर हमला कर देता है। आगे इस तरह की घटना न हो, सरकार सदन को आश्वस्त करे। इस विफलता में कहां त्रुटि, कमजोरी, ढ़िलाई है? इसके लिए कौन जिम्मेवार है? देश भर के लोग आतंकित हो गये हैं और देश भर में यह बड़ा संवेदनशील मामला है और हम लोग परेशान हैं, चिंतित हैं। इसलिए इस तरह की घटना दुबारा न हो और इसके लिए कौन जिम्मेवार है, इसके लिए सरकार स्पटीकरण दे।

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** अध्यक्ष जी, जो घटना हुई है, वह अत्यधिक दुखद है और इसमें हम सब लोगों की राय एक है। इतना तो कहा जा सकता है कि हम चाहे जो आंकड़े पेश करं लेकिन आतंकवादी जिस हद तक हतोत्साहित होने चाहिए थे, उस हद तक वे हतोत्साहित नहीं हुए। आज अखबारों में छपा है कि यह घटना उस समय हुई है जब आतंकवाद से निपटने के बारे में जो लोग जानकारी रखते हैं, उनका विशे़ा दल आज इस्लामाबाद में है और वह सब अमरीका की पहल पर हुआ है। इसमें पाकिस्तान की भी सहमति है। हिजबुलमुजाहिद्दीन के साथ-साथ हुरियत कांफ्रेस के लोगों से भी बात होने वाली है। इस तरह की बातें आज समाचार-पत्रों में छपी हैं। मुझे ऐसा लगता है कि जितने भी आतंकवादी संगठन थे, उनका कोई नेता संगठन नहीं था। प्रत्येक आतंकवादी संगठन अपने तरीके से काम कर रहा है और कहीं न कहीं यह संदेश गया है कि या तो हम सब लोगों को विश्वास में लेकर बात होनी चाहिए थी वर्ना हम किसी भी हद तक जा सकते हैं।

समाचार पत्रो में छपा है कि लश्कर-ए-तोएबा का हाथ है। इस अवसर पर मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि इन गतिविधियों से लिप्त आतंकवादी संगठनों से सरकार को बात करनी चाहिए। आपकी खुफिया एजेंसी और लोकल खुफिया एजेंसी को सक्रिय करिए, वरना भविय में इस प्रकार की और घटनाओं की संभावनाओं से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

**कुमारी मायावती (अकबरपुर) :** अध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के द्वारा निर्दो़ा लोगों की काफी तादाद में हत्या की गई है, उसके लिए मैं अपनी पार्टी की ओर से दुःख प्रकट करती हूं।

महोदय, दो बजे की न्यूज मैंने खुद सुनी है, जिसको सरकार की न्यूज ही कहा जाता है, उसमें बताया गया है कि आतंकवादियों के द्वारा छः स्थानों पर हत्यायें की गईं, जिसमें 84 लोग मारे गए हैं। दुःख की बात है कि एक तरफ तो भारत सरकार जम्मू-कश्मीर में शान्ति-व्यवस्था कायम करने के लिए आतंकवादी संगठनों से बातचीत कर रही है, लेकिन दूसरी तरफ बड़े पैमाने पर आतंकवादी संगठन निर्दो़ा लोगों को मार रहे हैं। इसके बारे में सरकार को गम्भीरता से सोचना चाहिए। कल से तो हत्याओं का सिलसिला चल रहा है और बड़े पैमाने पर लोग मारे जा रहे हैं। मैं यह समझती हूं कि केन्द्र की सरकार, खास तौर से माननीय गृह मत्री, को अपनी इन्टैलीजेंस एजेंसी को एलर्ट रखना चाहिए और उसमें कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। आतंकवादी संगठनों से सख्ती से निपटना चाहिए। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठन पाकिस्तान से घुसे हैं, उनके ऊपर आपकी इन्टैलीजेंस एजेंसी को कड़ी नजर रखनी चाहिए। जब तक आप उन आतंकवादी संगठनों को नहीं पकड़ेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं करेंगे, इस क्षेत्र में वारदातें होती रहेंगी। आए दिन वहां पर हत्यायें होती रहती हैं। बिहार से मजदूर जो वहां पर मजदूरी करने के लिए गए थे, वे भी काफी तादाद में मारे गए हैं। इस तरीके से न तो जम्मू-कश्मीर के लोग सुरक्षित हैं और न दूसरे लोग जो वहां जाते हैं, वे सुरक्षित हैं। इसके लिए आपको कोई हल निकालना चाहिए। मैं समझती हूं कि जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था का वातावरण पैदा करने के लिए और आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से कार्रवाई करने के लिए सरकार यदि कोई सख्त कदम उठाना चाहती है, तो हमारी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, उस कदम का पूरा साथ देगी। साथ ही अन्य पार्टियों को नेता भी उसमें पीछे नहीं रहेंगे, आपका पूरा साथ देंगे, नहीं तो वहां पर शान्ति व्यवस्था कायम नहीं होगी। केन्द्रीय सरकार को वहां पर सख्ती से कदम उठाना जरूरी है। यही मेरी आपसे प्रार्थना है।

**श्री अनंत गंगाराम गीते (रत्नागिरि) :** अध्यक्ष महोदय, अमरनाथ यात्रियों की आतंकवादियों से जो निर्मम हत्या हुई है, उसकी मैं कड़ी निन्दा करता हूं और जो यात्री आतंकवादियों से मारे गए, उनके प्रति शोक प्रकट करता हूं।

महोदय, जब पहली घटना हुई, अभी गृह मंत्री जी ने सदन के सामने बताया कि शाम को छ: बज कर 45 मिनट पर पहली घटना हुई और उसकी खबर रात को 11 बजे बीबीसी और स्टार न्यूज पर हमें सुनाई दी। तब तक सरकार ने कुछ भी बयान, कुछ भी वक्तव्य उस संदर्भ में नहीं किया था। महोदय, अलग-अलग छ: घटनाओं में 90 से ज्यादा लोगों की हत्या हुई और मेरी जानकारी के मुताबिक आज भी डोडा जिले में 12 लोगों की हत्या हुई। जब पहली हत्या हुई उस समय सिर्फ चार आतंकवादी थे, वे हत्या करके चले गए। सरकार कहती है कि हमने सुरक्षा का पूरा बंदोबस्त किया था।

महोदय, इन सारी घटनाओं की जिम्मेदारी लश्करे तोएबा ने ली। उन्होंने कहा कि हमने उसकी जिम्मेदारी उठाई है। सरकार आतंकवादियों से बातें कर रही है।â€¦( व्यवधान) मेरी जानकारी के मुताबिक आज उनके पास हथियार नहीं हैं। उनके पास सरकार की शरण में आने के सिवा कोई चारा नहीं है, सिर्फ सरकार का ध्यान अलग खींचने के लिए शांति की वार्ता हो रही है। वे शांति चाहते हैं। महोदय, एक आतंकवादी संगठन शांति की बात करता है और एक अमरनाथ यात्रियों पर हमला करता है। हमें आतंकवाद से कड़ा मुकाबला करने की आवश्यकता है, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की आवश्यकता है। हम जब तक सख्ती से आतंकवाद को खत्म नहीं करेंगे तब तक आतंकवाद खत्म नहीं होने वाला है।

महोदय, आज जो शरणार्थी जम्मू के अंदर है, ऊधमपुर में हैं, उनकी अलग-अलग बस्तियां हैं। मेरी जानकारी के मुताबिक वहां कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। जम्मू में लगभग पांच हजार से सात हजार शरणार्थी रहते हैं, उनकी सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है उन पर भी वे हमला कर सकते हैं। ऊधमपुर में जो शरणार्थी हैं उन पर भी कल वे हमला कर सकते हैं और आज वहां जो यात्री हैं उन पर पर दोबारा हमला कर सकते हैं। ये हमले लगातार होते जा रहे हैं।

महोदय, दो वर्ा पूर्व जब अमरनाथ की यात्रा होने जा रही थी तो इन्हीं आतंकवादियों ने धमकाया था कि हम अमरनाथ की यात्रा नहीं होने देंगे। उसी समय हमारे शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे जी ने उन्हें चेतावनी दी थी कि यदि अमरनाथ की यात्रा नहीं होगी तो हम हज की यात्रा भी नहीं होने देंगे।

â€¦( व्यवधान) आप पहले आगे सुन लें कि मैं क्या कहने जा रहा हूं।â€¦( व्यवधान) आप पहले मेरी पूरी बात सुन लीजिए।â€¦( व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप सब्जैक्ट पर बोलिए।

â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Anant Gangaram Geete, this is not proper.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. SPEAKER: Shri Anant Gangaram Geete, please.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Please. We are discussing a very serious subject.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Why are you unnecessarily creating trouble?

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

- Not recorded

**श्री अनंत गंगाराम गीते :** माननीय मुलायम सिंह जी, मुझे पहले पूरा सुन लीजिए।

â€¦( व्यवधान) अध्यक्ष जी, मैं क्या कहने जा रहा हूं, उसे पहले पूरा सुनिये।â€¦( व्यवधान)

**श्री लाल कृष्ण आडवाणी :** अध्यक्ष जी, सदन के सभी सदस्यों को और देश को यह समझना चाहिए कि हमारा जो पड़ौसी देश है उसकी स्ट्रेटेजी का सारा उद्देश्य केवल कुछ लोगों की हत्या करना नहीं है, बल्कि देश के अंदर साम्प्रदायिक तनाव पैदा करके â€¦( व्यवधान) मेरी बात पूरी होने दीजिए।

â€¦( व्यवधान)

**श्री प्रकाश परांजपे (ठाणे) :** खाली हिंदुओं को मत समझाइये।â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is very unfortunate. Even on a serious matter like this, this is how hon. Members are behaving.

...(*Interruptions*)

**श्री लाल कृष्ण आडवाणी :** इसलिए मैंने अपने वक्तव्य में जहां इस बात का जिक्र किया कि पहलगांव में जो लोग थे वे अमरनाथ यात्री थे, वहीं दूसरी ओर मैंने सोचकर जिक्र किया कि कुपवाड़ा में एक मुस्लिम परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी गयी, जिससे देश में यह भाव जाये कि यह चुनौती जो है वह हिंदु या मुसलमान के लिए नहीं है बल्कि पूरे देश के लिए चुनौती है। â€¦( व्यवधान) हममें से अगर कोई इस सारी समस्या में किसी प्रकार का साम्प्रदायिक आयाम देखेगा तो हम इस चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। हमें उनकी चुनौती का मुकाबला करना है और उसे विफल बनाना है तथा ऐसे सभी लोगों को पराजित करना है।â€¦( व्यवधान)

**श्री अनंत गंगाराम गीते :** मैं गृह मंत्री जी से पूरी तरह से सहमत हूं, लेकिन पहले आप मुझे पूरा सुन तो लीजिए।

MR. SPEAKER: Shri Geete, please conclude now. आप अपना वक्तव्य कितनी देर में समाप्त करेंगे।

**श्री अनंत गंगाराम गीते :** मैं गृह मंत्री जी से पूरी तरह से सहमत हूं और न कोई साम्प्रदायिक तनाव हम पैदा करना चाहता हैं, लेकिन मुझे पहले पूरा सुन तो लीजिए। मुझे पूरा सुनने से पहले ही यहां आपत्ति खड़ी कर दी गयी।

MR. SPEAKER: There are also leaders of other parties who want to speak.

**श्री अनंत गंगाराम गीते :** अमरनाथ की यात्रा पिछले साल भी शांतिपूर्वक संपन्न हुई और इस वर्ष भी होती। लेकिन मुझे दुर्भाग्य से यह कहने पर मजबूर होना पड़ रहा है कि भारत सरकार का जरा सा भी भय आतंकवादियों को नहीं है, इसलिए वे लगातार गोलियां चलाते जा रहे हैं। आज भारत सरकार का कोई भय उनको नहीं है। â€¦( व्यवधान) मैं कोई साम्प्रदायिक तनाव पैदा नहीं करने जा रहा हूं। मैं बहन मायावती जी से पूरी तरह से सहमत हूं कि आतंकवादियों से सख्ती से निपटना चाहिए। केवल बातें करके हम आतंकवाद से नहीं निपट सकते हैं। एक तरफ उनके एक गुट से वार्ता हो रही है और दूसरी तरफ दूसरे गुट द्वारा हमले हो रहे हैं और निर्दोष लोगों की हत्याएं हो रही हैं। यह सिलसिला आगे और बढ़ सकता है। इसलिए माननीय खुराना जी ने साफ तौर पर कहा है कि अब भारत सरकार को चेतावनी केवल आतंकवादियों को ही नहीं पाकिस्तान को भी देनी चाहिए।

गृह मंत्री बार-बार यह बयान देते हैं कि इसमें पाकिस्तान का हाथ है। पिछले तीन साल में जो भी हादसे हुए...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Geete, please understand that there are other leaders also who want to seek clarifications. How much time will you take?

**श्री अनंत गीताराम गीते** पिछले तीन साल में जितने भी हादसे हुए, उन पर जब भी इस सदन में चर्चा हुई, उस समय हर गृह मंत्री ने यही कहा कि इसमें पाकिस्तान का हाथ है...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You may seek a clarification on the statement made. Please do not make it a debate. This is not a debate.

**श्री अनंत गीताराम गीतेः** मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि शरणार्थियों की सुरक्षा का बंदोबस्त होना चाहिए और अमरनाथ तीर्थ यात्रियों को पूरी तरह सुरक्षा मिलनी चाहिए। उनके मन में कोई भय नहीं रहना चाहिए और आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

**श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) :** अध्यक्ष महोदय, 1968 में डाक्टर राम मनोहर लोहिया और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी ने एक संयुक्त बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर पाकिस्तान में कुछ होता है तो उसके बारे में उसी तरह की प्रतिक्रिया हमारे देश में नहीं होनी चाहिए। इन दोनों नेताओं ने बाकायदा एक संयुक्त वक्तव्य दिया था और उसका सब ने समर्थन किया। हम चाहते हैं कि आडवाणी साहब वह बयान इन सब को दे दें जिससे यह उसे पढ़ लें। आपके आदर्श पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी और हमारे आदर्श डाक्टर राम मनोहर लोहिया जी हैं। आतंकवादियों या मुस्लिम आतंकवादियों ने जो कुछ किया, उसके बारे में हिन्दू भाइयों की प्रतिक्रिया मुसलमानों के खिलाफ नहीं होनी चाहिए और न ही ऐसा कहना चाहिए। यह बात सही है कि सरकार की विफलताएं हैं और वे इसलिए हैं कि इनमें एका नहीं है। मंत्रिमंडल एक साथ फैसला नहीं ले रहा है। यह एक सच्चाई है। हम नहीं जानते थे कि गृह मंत्री अपने पद पर रहते हुए कमजोरी दिखाएंगे चाहे प्रधान मंत्री हों, लेकिन यह सच है कि देश का प्रधान मंत्री और गृह मंत्री कमजोर हो जाएगा तो देश कमजोर हो जाएगा। इसका नतीजा हम देख रहे हैं।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** आप हाउस में क्या कर रहे हैं? आप में कोई डिस्प्लिन नहीं है। आप बैठ जाएं।

SHRI M.V.V.S. MURTHI (VISAKHAPATNAM): Mr. Speaker, Sir, it is a very tragic incident in which innocent lives have been lost. Normally, only those who want to have some betterment in their lives will go on a pilgrimage. They are peace-loving people and they have been massacred, in the first incident and also in the second incident. Obviously it tends to give a message that there is a failure in the security measures; and to some extent, there is also a failure of the intelligence agency. Otherwise, we would have controlled it in the first incident itself. We do not know whether the pilgrims have been left to look after their own safety. This should not occur because every year, the Amarnath Yatra is taking place and it is a very pious and a holy pilgrimage, undertaken by the Hindus. In spite of so many odds, they take to this pilgrimage.

This year also, hundreds and thousands of people are going for the Amarnath Yatra. It is the duty of the Government of India − instead of leaving it to the Government of Jammu and Kashmir only − to look after their safety. We should have given sufficient forces to safeguard them. Otherwise, we should have warned them not to take to this pilgrimage.

It is a total massacre. We do not know whether it is an extremist activity. If it is an extremist activity, then our intelligence agency should have alerted us that these things are going to happen. So, I humbly appeal to the hon. Home Minister to tighten the security measures; otherwise ask the people not to take to pilgrimage.

Instead of losing the lives of the pilgrims, it is better not to send them on pilgrimage. It shows our weakness as a nation. We are not able to protect our own people. They are going only for the pilgrimage and not for anything else. This is a very serious matter. The whole nation has to bow down its head in shame. We are not able to save the lives of the people. I appeal and request the Government to take stern action against those who caused this. Irrespective of whoever it may be, whether they are Pakistani extremists or Indian extremists or Jammu and Kashmir extremists, they should be punished. We should not involve politics in this. We want that the lives of our citizens should be safeguarded. If the extremists take blood out of our citizens, in the same manner we should also retaliate and do the same thing to them. Then only the nation will trust the Home Minister.

On behalf of my party and on my own behalf, I pay homage and convey condolences to the bereaved families. We strongly condemn this massacre.

DR. NITISH SENGUPTA (CONTAI): Mr. Speaker, Sir, thank you very much for giving me this opportunity. What has happened is the worst of tragedies for which we should bow down our head in shame. I had something to deal with *Amarnath yatra.* At the request of the then Home Minister, Shri Indrajit Gupta, who is present here, I conducted a one man inquiry into the 1996 disaster and tried to find out the causes and suggest remedies. One of the basic recommendations was the Army should be directly involved in handling the *Amarnath Yatra.* It is because if anything happens, including the natural disaster, it is only the Army which can handle that. There was an understanding that Army will basically secure the route of the *yatris* and take care of the border.

Now, Sir, the Home Minister mentioned that some pilgrims were shot at Aaroo. Aaroo is not the *yatra* route. What was the circumstance under which the people were allowed to stay at Aaroo? Aaroo is relatively closer to the ceasefire line, but Amarnath is not. I would like to know how is it that foreign mercenaries are getting access to India, crossing the ceasefire line every time coming and going away at the time of their choosing. This sort of thing

never happened between 1948 and 1990. It is only after 1990 there has been a sort of slackening. I do not know whether the Army has been given the full responsibility of the ceasefire line or whether the Jammu and Kashmir police which is not particularly efficient has failed to rise to the occasion like this. What is surprising is that the incident which started happening yesterday at five or six different places in the Valley, happened ।

again and again. What was the Government doing after the first incident happened? If we have to really negotiate, we must negotiate from the position of strength. I have a feeling that we are not able to do that. My request to the Home Minister and to the entire Government machinery is to take adequate steps to see that ceasefire line is properly guarded and restore the position which prevailed between 1948 and 1990. Army's responsibility has to be there in securing the safety and safe journey of the *Amarnath yatris.* It is not a communal situation. In my Report I had mentioned how Kashmiri Muslims rose to the occasion to help the Hindu pilgrims. They shared their food and shelter. It is the doing of some foreigners who want to turn Kashmir into another Afghanistan. The entire nation must stand behind the Government and the Government must tackle it firmly by being very tough with Pakistan.

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर)**: अध्यक्ष महोदय, जिस तरह से यह घटना घटी है, वह ह्रदय विदारक है। अमरनाथ यात्रा पर जा रहे यात्रियों पर घात लगाकर जिस तरह से हमला किया गया, उसमें 90 से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। हम उन सभी दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी और अपनी पार्टी की ओर से शोक प्रकट करते हैं और संवेदना व्यक्त करते हैं। इस घटना की जितनी भी निन्दा की जाये, उतनी कम है। जिस तरह से यह घटना घटी है, वह अत्यंत ही निन्दनीय है लेकिन चर्चा के दरमियान इस घटना के प्रति भावनाओं की एक ऊंचाई होनी चाहिये।

यह हिंदू और मुसलमान का सवाल नहीं है बल्कि देशी और परदेशी आतंकवादियों का सवाल है। हमारे देश हिंदुस्तान में जितना साम्प्रदायिक सद्भाव मजबूत होगा, उतने ही दुश्मन के छक्के छूटेंगे, चाहे वह दुश्मन पाकिस्तान का हो या कहीं का भी हो। इसीलिए सवाल देशी और परदेशी आतंकवादियों का है, सवाल हिंदू और मुसलमान का नहीं है। इस विषय पर सरकार को खास तौर से आतंकवादियों से निपटने के लिए एक कार्य योजना बनानी चाहिए, एक ठोस कार्य योजना, वर्किंग प्लान बनाकर उनसे निपटना चाहिए। आतंकवादियों का मनोबल नहीं बढ़ना चाहिए। तभी इस देश का सिर ऊंचा होगा। हम किसी से कम नहीं हैं। हम हिंदुस्तान की रक्षा कर सकते हैं, हम आतंकवादियों से निपट सकते हैं, लेकिन हमारी ढिलाई, हमारी कमजोरी बीच में आ जाती है और जिस तरह का वातावरण बनाया गया और वार्तालाप और डायलाग की बात की गई, हम समझते हैं कि इसे गंभीरता से देखना चाहिए कि कहां हमसे चूक हुई है, कहां हमारी भूल हुई है। इसीलिए इसे गंभीरता से लेकर आतंकवादियों से जितनी सख्ती से निपटा जाए, निपटना चाहिए और सरकार मे यह दृढ़ संकल्प होना चाहिए, इच्छाशक्ति होनी चाहिए और पोलिटीकल शक्ति भी होनी चाहिए। यही हमारा कहना है।

SHRI P.H. PANDIYAN (TIRUNELVELI): Mr. Speaker, Sir, at the outset, I would like to place before this House that the Government has failed to maintain the internal security in the State of Jammu and Kashmir. On 6th, 7th, 8th and 9th of July, we, the Members of Parliament, visited Jammu and Kashmir, including Kargil. We were able to perceive the non-existence of not only the Central Government but also the State Government. There is infiltration as well as ex-filtration. The Pakistani militants are making use of the Indian-prone terrorist activities. I consider unemployment as the main factor responsible for it. Young boys of 13 years or 18 years of age are being taken by these militants and they are being paid Rs.13,000 per month as salary. Does the Government know this fact or not?

When we visited Kashmir valley, we could see the solitary movement of human beings. We, the Members of Parliament, were also taken in a group escorted by the pilots. So, in that way, it is totally a culpable failure on the part of the Central Government to protect the lives of the citizens who were participating in the pilgrimage. To contain militancy, a democratic Government can negotiate with another democratic Government. I would like to know what action the Central Government has taken so far in this regard. Was the Government able to take any action at the international level about Ben Laden? What action did the Government take when 40 pundits were killed by Bitta Hare, the hard core terrorist of Pakistan who is in the Jammu and Kashmir jail now?

I charge that the Central Government has taken the Jammu and Kashmir issue for a ride. The NDA's constituent, the National Conference, is advocating a different principle. I am able to perceive that they have an altogether different idea. I would like to know whether the Prime Minister, the Home Minister or rather the senior Ministers have taken any militant action against these militants. Did they utter any word?...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Prabhunath Singh.

SHRI P.H. PANDIYAN : Please give me a minute more to speak.

MR. SPEAKER: Normally, on a Statement, the Members can only seek clarifications.

SHRI P.H. PANDIYAN : Sir, this is a sort of submission.

While curtailing the terrorism, late Prime Minister, Shrimati Gandhi said that India will not tolerate terrorism and that is why she was killed.

(b3/1655/rc/hcb)

Similarly, the late Rajiv Gandhi said that we would not tolerate terrorism. Did you utter such words? You are playing politics. You are not ruling the country. It is ruled by somebody else...( *Interruptions*). You make her Prime Minister,

she will contain militancy.

Our Prime Ministers sacrificed their lives for the sake of country but you are sitting on the saddle of power and enjoying power. You are satisfying the constituents of NDA but you are not satisfying the people of India. You are not protecting the people of India. You got the votes. The primary concern of the State and the Central Government is to protect the life and property of the citizens of this country. Did you protect them? You failed to protect the pilgrims.

The Prime Minister should take militant like action. If you do not do so, you cannot sit there. To face militants, you must have attitude of a militant. You cannot have a democratic attitude. This is not a Labour Court. When you want to face a militant, you must have militant attitude. If they shot, you must order to shot them. Otherwise, you cannot protect the citizens. So, in that way, I express my views on behalf of AIADMK Party.

Finally, I pay homage to the people who have been ghastly killed in the pilgrimage.

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** अध्यक्ष जी, अमरनाथ यात्रियों के साथ जो घटना घटी है, यह बहुत ही दुखद घटना है। हम अपनी तरफ से और अपनी समता पार्टी की तरफ से भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति दे और उनके परिवार के लोगों को इतने बड़े हादसे को सहने का धैर्य दें।

अध्यक्ष जी, जैसा कि अभी खुराना जी ने बताया कि 90-92 से ज्यादा लोग उसमें मारे गए। हम सिर्फ इतना कहना चाहते हैं कि सरकार की तरफ से जो वार्ता का प्रयास शुरू हुआ, हम उसकी प्रशंसा करते हैं। हम यह मानकर चलते हैं कि सरकार सिर्फ तोप और गोली से नहीं चल सकती। अगर कहीं अमन-चैन, प्रेम और मोहब्बत की बोली से काम चल सकता हो तो इसका प्रयास करना चाहिए और अगर सरकार ने प्रयास किया है तो सरकार की प्रशंसा होनी चाहिए और किसी की नीयत पर शंका नहीं होनी चाहिए। लेकिन इसके साथ हम यह बताना चाहते हैं कि जिस ढंग से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा घटनाएं की जा रही हैं और खासकर यह घटना जो हुई है, इससे देश भयभीत है, सदन तो चिन्तित है ही। हम चाहेंगे कि परिस्थिति के अनुसार आदमी को कठोर बनने में कभी हिचकना नहीं चाहिए और मैं तो यह कहूंगा जो एक शायर ने कहा है :-

"ऐ राही दिल्ली जाना तो कहना अपनी सरकार से

खर्च चलता हाथ से, शासन चलता तलवार से।"

अब हम महसूस करते हैं कि उन आतंकवादियों पर कठोर कार्रवाई करने की ज़रूरत है और अपनी सेना और सुरक्षा बलों को कठोर निर्देश देना चाहिए और पाकिस्तान को सिर्फ चेतावनी ही नहीं देनी चाहिए बल्कि हम तो यह महसूस करते हैं कि जिस ढंग से सीमा पर और जम्मू कश्मीर तथा देश के अन्य भागों में आतंकवाद की घटनाएं पाकिस्तान द्वारा कराई जा रही हैं, एक बार हिम्मत केसाथ उनको ललकार कर इस्लामाबाद पर हिन्दुस्तान का तिरंगा फहरा देना चाहिए, तब हिन्दुस्तान की गरिमा बढ़ेगी।

MR. SPEAKER: Now, the Minister will reply.

...(*Interruptions*)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (CHHAPRA): Sir, you said that you will allow all the Members who have given notice.

MR. SPEAKER: Shri Rudi, please understand. I have called only the party leaders.

....(*Interruptions*)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : Sir, you will appreciate my view that I came in the morning at 9.30. You are allowing everyone. You have allowed four persons from one party but you have not allowed Members from BJP. Then, why should anyone come in the morning?...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Minister has already given a statement.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): Sir, I want to know who are those four persons from one party?...(*Interruptions*)

SHRI RAJIV PRATAP RUDY : That you have to understand.

MR. SPEAKER: The Government is giving reply.

17.00 hrs.

SHRI INDRAJIT GUPTA (MIDNAPORE): I was the Home Minister of this country. You will remember that certain events took place in connection with this *Amarnath Yatyra.* Of course, at that time there was no armed attack on the *yatris* by militants. But they suffered a lot because of other factors such as climatic conditions, failure to make adequate arrangements for their travel, their stay, shelter and all that. There was a big hullabaloo in the country

because of the failure of the Government in that respect. I would like the Home Minister to admit - my respect for him would go up if he admits - in this House today that there has been a massive break down of security and intelligence. Without that this could not have happened.

You will please recall, he has mentioned in his statement that the firing which took place causing the maximum casualties on this group of pilgrims happened when they were in two community kitchens called *langar* where a large number of people gather obviously in order to get food. They were being served with food. The militants obviously knew that these were places where these people would be the easy targets and they would gather in large numbers. They came and carried out their massacre.

I want to know what our security people were doing and what our intelligence people were doing. I share Dr. Nitish Sengupta"s recollection because I appointed him to carry out an inquiry at that time. The army was not deployed at that time when I was the Home Minister. We had given instructions that in future wherever the *yatris* go, along that route wherever there is a high ground or high peak, it must be patrolled by army personnel. Without that nobody would feel safe. I do not know what is being done now a days. We have no latest report about that.

Anyway, it seems the army and the BSF were not deployed. I want to know from him clearly whether we are relying only on the Jammu and Kashmir State police. The State police are being used for this purpose knowing that when we are talking about starting negotiations with militants, then there is bound to be provocation, there is bound to be an attack from their side because they want to disrupt this whole process of negotiations. But it seems there was a total lack of vigilance. Nobody is aware of what is happening. This is a very sad state of affairs. I think the Government should take it much more seriously than they are doing at the moment.

I would like the Home Minister finally to tell us what action would be taken in future. Future means from tomorrow because I think this *Amarnath Yatra* is not going to be cancelled or suspended. The pilgrims are never in a mood like that. Facing all odds and difficulties they are bent upon going on. I saw that last time when I was there. They are not afraid. They will go on and more attacks may come on them. I would like to know from him as to what are the special measures which the Government is thinking of taking including deployment of the army wherever necessary in order to see that proper precautions are taken and these people are really protected.

**श्री लाल कृण आडवाणी :** पूरे सदन ने जो वेदना, पीड़ा प्रकट की है, जो मृत लोग हैं, जिनमें अमरनाथ यात्री भी हैं, अन्य जम्मू कश्मीर के नागरिक भी हैं, उनके परिवारों के प्रति जो संवेदना प्रकट की है, मैं सरकार की ओर से उसके साथ सम्बद्ध करता हूं। यह बात भी प्रायः अधिकांश सदस्यों ने कही कि इस बार जो हत्याकांडों का सिलसिला है, वह केवल मात्र अब तक जो सिलसिला चलता आया, उसका हिस्सा नहीं है, उसका एक आयाम और है। हिज़बुल मुजाहिदीन ने पिछले सप्ताह जो एक तरफा सीज़ फायर की घोाणा करके बातचीत की पेशकश की और भारत सरकार ने उस पेशकश को स्वीकार करके बातचीत के लिए अपनी तत्परता दिखाई, उस प्रयत्न को समाप्त करने का एक निश्चित प्रयास है, यह भी सबने कहा। कुछ लोगों ने लश्कर-ए-तोएबा के बारे में बताया, शायद रामदास जी ने कहा या किसने कहा कि लश्कर-ए-तोएबा ने इस हत्याकांड की ज़वाबदारी स्वीकार की है। मैं नहीं जानता हूं लेकिन हमारा अंदाजा है कि यह लश्कर-ए-तोएबा ने किया है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है या नहीं, यह मैं नहीं जानता। इतना ज़रूर जानता हूं कि जो तीन-चार प्रमुख तनज़ीम हैं, जो पिछले दिनों जम्मू कश्मीर में हत्याएं करती रही हैं, उनमें एक लश्कर-ए-तोएबा है, एक हरकत-उल-अंसार है और एक हिज़बुल मुजाहिदीन है। यह सोचना कि हिज़बुल मुजाहिदीन के पास हथियार नहीं हैं या वे कमजोर हैं, ऐसी बात बिल्कुल नहीं हैं। अगर हिज़बुल मुजाहिदीन की कोई बड़ी ताकत है तो वह यह है कि कश्मीर के लोग अगर उन तनज़ीमों में से किसी में अधिक मात्रा में हैं तो वह हिज़बुल मुजाहिदीन में हैं। बाकी लश्कर-ए-तोएबा और हरकत-उल-अंसार में पाकिस्तानी हैं, अफगान हैं अन्य विदेशी हैं, थोड़े-बहुत कश्मीरी भी हैं, ऐसा नहीं हैं कि उनमें बिल्कुल नहीं हैं। इस तथ्य को सरकार ने ध्यान में रखा जब हिज़बुल मुजाहिदीन की तरफ से यह पेशकश की गई क्योंकि हमको लगता था कि हिजबुल मुजाहिदीन अगर वास्तव में पाकिस्तान के साथ और विदेशी बाकी लोग हैं तनज़ीमों में, उनसे अलग हो जाए और उन्होंने कई कारणों से पहल की, मैं इस समय उसमें नहीं जाना चाहता हूं, मैं इतना मानता हूं कि इस साल में, यहां बड़ी आलोचना हुई है, यह भी हो सकता है कि जहां पर पहलगाम की यह घटना हुई, उसमें हमारी कुछ कमी हो, मैं नहीं कह सकता, मैं उसकी पूरी जानकारी करूंगा, खास कर श्री इंद्रजीत के कहने के बाद, लेकिन मैं इतना बताना चाहता हूं कि हो सकता है कि आपके आदेश के बाद लेकिन लगातार पिछले सालों में अमरनाथ यात्रा में बड़ी मात्रा में सेना लगाई गई। यहां तक कि मैंने अभी जानकारी की तो पता लगा कि अमरनाथ यात्रा के लिए आर्मी की ओर से पांच बटालियन्स लगाई गईं। ...(व्यवधान)

**श्री इंद्रजीत गुप्त (मिदनापुर)** : कहां लगाई गई।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** पूरे में लगाई गई, पूरा रास्ता बहुत लम्बा है और उसमें यात्री हैं। मैंने कहा कि जहां तक पहलगाम की बात है, वहां क्या हुआ, कैसे हुआ, मैं उसकी जानकारी ज़रूर करूंगा लेकिन कुल मिलाकर सुरक्षाकर्मी जितनी मात्रा में वहां लगाए गए, जब कभी देखता हूं, पिछले साल भी गया था, अमरनाथ यात्रा को भी देखा था, उससे पूर्व के साल भी गया था, वहां की व्यवस्था देखी थी। लगता था कि हम यहां बैठकर जब सुरक्षाकर्मियों की और खास करके सैनिकों की आलोचना करते हैं, तो हमारे द्वारा कभी-कभी उनके साथ अन्याय हो जाता है। वह अन्याय नहीं होना चाहिए। बहुत कट, तकलीफ, परिश्रम के साथ, बहुत त्याग करके वे अपने सुरक्षा कामो में लगे हुए हैं और इन्हीं पांच-छः महीनों में, एक कारण यह भी है कि शायद आज तक कभी मिलिटैंट्स को इतनी मृत्यु का सामना नहीं करना पड़ा जितना अकेले जून के महीने में 180 मिलिटैंट्स मारे गए और उसके कारण भी प्रतिक्रिया है। यह ठीक है कि कोई कह सकता है कि इन्होंने एक दिन में ऐसा कर डाला। छः घटनाएं हुई हैं। उन छः घटनाओं में अमरनाथ यात्री मेरे हिसाब से, यहां अगर कहा गया कि 90 से अधिक हैं, मेरे पास जितनी निश्चित जानकारी थी उतनी मैंने सदन को दी थी।

हो सकता है कि जो लोग घायल हुए थे, क्योंकि घायलों की संख्या मेरी जानकारी में करीब 60 है तो उनमें से किसी की मृत्यु हुई हो।â€¦( व्यवधान) बाकी सब फैले हुए हैं, डोडा में हैं, कुपवाड़ा में हैं, अनन्तनाग में हैं। अमरनाथ यात्रियों पर एक स्थान पर हमला हुआ है और उसकी, मैंने कहा कि और विस्तार से मैं जांच करूंगा कि उसमें हमारी तरफ से क्या कमी रही। किस प्रकार की और सुरक्षा करनी होगी, लेकिन मुझे विश्वास है कि सदन चाहेगा कि जो प्रयत्न अभी चला है, वह प्रयत्न हमें इन घटनाओं के कारण छोड़ना नहीं चाहिए। वह प्रयत्न यह है कि आज से कुछ महीने पहले हमने घोाणा की कि आतंकवाद जहां पर भी है, उस आतंकवाद का समर्थन करने के लिए सरकार की ओर से तीन प्रकार के प्रयत्न किये जाएंगे। हिंसा करने वालों के ऊपर कठोर से कठोर उसका प्रतिक्रिया हो और उनको नियंत्रित किया जाये, उनका दमन किया जाये। उस भाव को भी सब सदस्यों ने प्रकट किया है। दूसरी बात यह कि जो उनमें से बातचीत करने को देश के भीतर के लोग तैयार

हैं, जैसे नागालैंड में उन्होंने बातचीत की पेशकश की, बोड़ो क्षेत्र में उन्होंने बातचीत की पेशकश की तो उनके साथ हम बातचीत करने को तैयार होंगे और साथ-साथ आर्थिक विकासâ€¦( व्यवधान)

**श्री सोमनाथ चटर्जी :** वहां इंटेलीजेंस क्या कर रही थी?

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : The basic point is that Pahalgam was the central point of assembly of all the pilgrims. Basically, every year, they assemble there in big numbers. Mr. Minister, can you clarify whether at the assembly point there was the Army or the paramedical forces to take care of the *langar* and everything. That is the main point because Pahalgam was the main assembly point. I know about Pahalgam....(*Interruptions*)

SHRI L.K. ADVANI: The reports that I have till now indicate that the CRPF was there. Whether the Army was there or not, I would not be able to say. But the CRPF is there. After all, two policemen belonging to the CRPF have also died in that incident. But I will certainly find out so far as the Pahalgam incident is concerned....(*Interruptions*)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Mr. Minister, the point is not whether the Army was there or not. I am amazed that it has taken 24 hours for you to come here. And 24 hours after coming here, you still do not know whether at 6.45 p.m. yesterday the Army was there or not there. Why do we have to wait? ...(*Interruptions*) Why do we have to wait for it again. Surely, you should have found it out by now.

SHRI L.K. ADVANI: It is simply because the information with me at the moment is that the CRPF was posted there. It is the CRPF which opened the fire. Two militants were killed there. They also seem to be of *Lashkar-e-Toiba*. That is the information.....(*Interruptions*)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : How many militants came there?

**श्री माधवराव सिंधिया (गुना) :** माननीय गृह मंत्री जी, आपने कहा कि हमने सुरक्षा फोर्सेज की आलोचना की है। हम सिक्योरिटी फोर्सेज की आलोचना नहीं कर रहे हैं। हम आपसे यह कह रहे हैं कि पर्याप्त मात्रा में आपने मामले को नजरअंदाज किया कि शान्ति अभियान एक तरफ चल रहा है, इसका भयंकर रिएक्शन दूसरी तरफ लोग कर सकते हैं, फिर भी पर्याप्त मात्रा में आप लोगों ने सिक्योरिटी फोर्सेज वहां मौजूद नहीं रखी। आलोचना हम आपकी सरकार की कर रहे हैं, सिक्योरिटी फोर्सेज की नहीं कर रहे हैं।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** मैं उसे स्वीकार करता हूं, मैं उससे इंकार नहीं करता कि मेरी जवाबदारी है, और सरकार की जवाबदारी है। मैं सदन को भी और सदन के माध्यम से सभी को आश्वस्त करना चाहूंगा कि एक तरफ तो हम यात्रा नहीं रोकेंगे, यात्रा हम चलने देंगे। यात्रा के लिए जितनी आवश्यक सुरक्षा और चाहिए, वह हम प्रस्तुत करेंगे। साथ-साथ यह जो तंजीम ने पहल की है, उस तंजीम की पहल का भी ठीक प्रत्युत्तर हमारा जाये। लेकिन यह धारणा गलत है कि जब से लेकर हिजबुल मुजाहिदीन ने कहा है, हमने सैनिकों को, सुरक्षाकर्मियों को कहा है कि आप ढील छोड़ दो, सुरक्षा मत दो। अगर कोई बंदूकधारी आकर किसी पर हमला करना चाहता है तो आप बीच में हस्तक्षेप मत करो। अगर यह भावना है तो यह सरासर गलत है।â€¦( व्यवधान)

**श्री माधवराव सिंधिया :** आडवाणी जी, यह किसी ने नहीं कहा।â€¦( व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप पहले उनको अपनी बात पूरी करने दें। यह ठीक नहीं है।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** हमने हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में कहा है, और किसी के बारे में नहीं कहा।

**श्री प्रियरंजन दासमुंशी :** सरकार के संदेश के मुताबिक आपने अच्छा काम किया। सरकार ने खुद ऐलान किया कि हम लोग अभी फायरिंग नहीं करेंगे, वह ठीक है। लेकिन कैसे पहचानेंगे कि कौन लश्कर-ए-तोएबा का है और कौन हरकत-उल-अंसार का है। इसके बारे में आपने स्ट्रेटेजिक डायरैक्शन आर्मी को दी तो इस काम के लिए क्या डायरैक्शन थी?

क्या आप इस बात को स्वीकार करेंगे ? â€¦( व्यवधान)

**श्री मुलायम सिंह यादव :** हम यह जानना चाहते हैं कि आर्मी की इंटेलिजेंस, पुलिस की इंटेलिजेंस या अन्य कोई सिक्योरिटी इंटेलिजेंस है, इनकी क्या रिपोर्ट थी, इनकी क्या भूमिका थी ? क्या वहां पहले से ही बंकर बना दिए गए थे, जिनका इनको पता नहीं चला, क्योंकि बिना बंकर बनाए इतना बड़ा हमला नहीं हो सकता। यह हमला पूरी तैयारी के साथ किया गया था। इन इंटेलिजेंस से पूछना चाहिए कि इन्होंने क्या रिपोर्ट दी थी ?

**श्री लाल कृण आडवाणी :** अध्यक्ष जी, मैंने अपने वक्तव्य में कहा था कि हमें अनुमान था। इस मामले में जो भी इंटेलिजेंस होती है, वह जनरल इंटेलिजेंस रहती है, स्पेसिफिक नहीं रहती। उसके आधार पर सबको एलर्ट किया जाता है। जहां तक सीज़ फायर के रिस्पांस करने की बात है, मुझे याद है 23 तारीख को जब हिजबुल मुजाहिदीन ने घोाणा की थी, उससे पहले अंदाजा था कि कुछ होने वाला है। तब बैठकर इस पर चर्चा की थी और यह महत्वपूर्ण सवाल उठा था कि हम कैसे पहचान सकेंगे कि हिजबुल मुजाहिदीन का कौन व्यक्ति है और लश्कर-ए-तोएबा का कौन है। इन सारे वियों पर विचार करके निर्णय हुआ कि हम विजीलेंस जिसको सोनिया जी ने कहा, we should not lower our guard. हम किसी भी सूरत में सावधानी न छोड़ें। यह बात बिल्कुल सही है कि पहले दिन से लेकर सेना को और सुरक्षाकर्मियों को यही हिदायत दी थी कि सावधानी न छोड़ें। कौन किस रूप में आ सकता है, कोई यह भी कह सकता है कि मैं हिजबुल मुजाहिदीन का हूं, चाहे हो वह लश्कर-ए-तोएबा का। इसलिए सावधानी बरतते हुए उसके बावजूद हम यह एप्रिहेंशन करते थे, वह सही निकला। हम इस बात पर जितनी कमी होगी, उसकी पूर्ति करके आवश्यक प्रबंध करेंगे।

**श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी (खजुराहो) :** विपक्ष की नेता ने जो सवाल पूछे थे, उनका उत्तर नहीं आया।

â€¦( व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing should go on record but the speech of Shri Ram Tahal Chaudhary.

*(Interruptions)* â€¦ *

--------

- *Not recorded*